तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 18.0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

10 शिकायतों का तय समय सीमा में समाधान करने के....



10 एचपीएससी एडीए में नंबर वन स्थान हासिल...



खबर संक्षेप

दो बाइकों की भिड़ेत में एक की मौत, 3 घायल

जींद। गांव मुआना के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बिनौला जिला बागपत (यूपी) हाल गांव मुआना निवासी अर्जुन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार गांव मुआना गौशाला में मजदूरी करता है। गत दिवस वह उसका भाई कमल, इमरान बाइक पर सवार होकर सफीदों की तरफ जा रहे थे।

बिजली गुल से आम जनजीवन प्रभावित

उचाना। बिजली कर्मचारियों की तीन दिनों की हड़ताल के पहले दिन बिजली गुल रहने से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्ता रहा। रात को गुल हुई बिजली दोबारा नहीं आने से लोग परेशान रहे। बैंकों में कार्य जनरेटर चला कर किया गया तो घरों में पीने के पानी, पानी की किल्लत के चलते परेशानी हुई। जनरेटर चला कर लोग पीने का पानी भरते नजर आए तो अपने आस-पड़ोस के लोगों को पानी भरवाते नजर आए। बिजली नहीं आने से इंवर्टर ठप्प होने से शाम होते ही बाजारों में अंधेरा छा गया।

हड़तालः तीन दिन तक जलापूर्ति समस्या रहेगी

नरवाना। पब्लिक हेल्थ विभाग नरवाना के एसडीओ नवीन कुमार मुंडे ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से अगले तीन दिनों तक जलापूर्ति में समस्या बनी रहेगी। सभी शहर वासियों से अनुरोध है कि कृपया सतर्कता के तौर पर पानी को स्टोर करके रखें और आवश्यकता अनुसार ही पानी का उपयोग करें। जिससे आपको बिना वजह से परेशानी न उठानी पड़े।

गलत वाहन की आरसी से जमानत का आरोपी दबोचा

जींद। गढ़ी थाना पुलिस ने अदालत में गलत वाहन की आरसी पेश कर बहन की जमानत करवाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। नरवाना जेएमआईसी अदालत की तरफ से पुलिस को दी शिकायत में बताया गया था कि गांव धमतान साहिब निवासी रेखा के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जो जेल में बंद थी। रेखा के भाई इकबाल ने उसकी जमानत के तौर अदालत में गाड़ी की आरसी अदालत में दी थी।

बिजली तार चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। थाना सदर सफीदों पुलिस ने घर से सबमर्सिबल मोटर व तार चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव सिल्लाखेड़ी निवासी बिट्टू के रूप में हुई है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी पीएसआई चंद्रपाल ने बताया कि गांव सिल्लाखेड़ी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार सहित करनाल गया था। वापस आने पर उसने देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी सबमर्सीबल मोटर व तार चोरी कर लिए हैं।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़े हालात

जुलाना। बिजली कर्मचारियों की निजीकरण के विरोध में शुरू हुई प्रदेशव्यापी हड़ताल का असर पहले ही दिन क्षेत्र में दिखाई देने लगा। जुलाना क्षेत्र में बीती रात करीब 11 बजे से बिजली गुल होने के कारण कई इलाकों में ब्लैकआउट जैसे हालात बन गए। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली बाधित होने से आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। रात के समय बिजली गुल रहने से घरेलू कामकाज प्रभावित हुआ। क्षेत्र के लोगों को बिजली बहाली का इंतजार करना पड़ा।

बिजली निगम के निजीकरण के खिलाफ कर्मियों की तीन दिवसीय हड़ताल का पहले दिन ही भारी असर

कैथल के तीन दर्जन गांवों में ब्लैक आउट

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

बिजली निगम के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मियों की ओर से शुरू की गई तीन दिवसीय हड़ताल के पहले दिन बृहस्पतिवार को ही भारी असर देखने को मिला। हड़ताल के पहले ही दिन जिले के करीब तीन दर्जन गांव अंधेरे में डूब गए। यहां बिजली कट के साथ साथ पेयजल की समस्या भी सामने आती दिखाई दे रही है। बता दें कि पहले ही दिन जिले में 16 फीडरों में ब्रेक डाउन हुआ। इन फीडरों में ब्रेक डाउन की समस्या से जिले के 40 गांवों में पूरी तरह से ब्लैक आउट हो गया।

बता जा रहा है इनमें से एक दर्जन गांवों में बुधवार रात को करीब 12 बजे से ही बिजली नहीं है। सबसे अधिक गांव कलायत, पूंडरी और ढांड खंड के शामिल है। जबकि शहर में जींद रोड स्थित मॉडल टाउन में गुरुवार सुबह बिजली गुल हो गई, लेकिन यहां पर 3 घंटे के बाद बिजली को सुचारू कर दिया गया। हालांकि शहर के अन्य किसी कॉलोनी में पहले दिन बिजली गुल होने की समस्या नहीं आई। हड़ताल के बीच 1519 बिजली कर्मियों में शामिल महज 4 एसडीओ ही ड्यूटी पर हैं। ये वे एसडीओ हैं, जो नए शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा बिजली आपूर्ति सही करने को लेकर आईटीआई व निगम के ठेकेदार के 50 लोगों का स्टाफ बिजली सप्लाई की समस्या का समाधान करने के लिए लगा दिया गया है। इसके साथ ही अधिकतर सरकारी विभागों ने जरनेटर चलाने के लिए अतिरिक्त डीजल मंगवाया गया है। इसके साथ ही राजकीय अस्पतालों में जहां बिजली उपकरणों की जरूरत नहीं है। उन्हें बंद किया गया जा रहा है। पहले दिन कैथल के सिविल अस्पताल में सिटी स्कैन से लेकर एक्सरे और ओटी में पहले की तरह काम चला। हड़ताल के कारण बिजली कर्मियों के ड्यूटी पर न होने के कारण जिले के गांव बरसाना, पिलनी, फतेहपुर, अहमदपुर, धौंस, गोबिंदपुरा, पाई, फरल, कठवाड़, काकौत, कैलरम, किठाना, देवबन, जटहेड़ी, कोटड़ा, सेरधा, किठाना, सौंगरी गुलियाना, जाखौली, टीक, सौंगल, फिरोजपुर, ग्योंग, हाबड़ी, पट्टी खोत, पिसौल, खेड़ी शेरू, मूंदड़ी, दयोहरा, भैणी माजरा, सेगा व काकौत में बिजली गुल है। हड़ताल के पहले दिन सायं तक बिजली सप्लाई की समस्या से संबंधित 1500 से अधिक शिकायतें मिली हैं। कईं बिजली घरों में बिजली कर्मचारियों की जगह पुलिसकर्मी मोर्चा संभाल रहे हैं।

जिला प्रशासन स्थिति को संभालने में जुटा



जींद। बिजली सब स्टेशनों पर तैनात किया पुलिसबल। *फोटो :हरिभूमि*

आईटीआई व ठेकेदारों के कर्मियों की लगाई ड्यूटियां

यूएचबीवीएन, कैथल के कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली व्यवस्था सुचारू करने को लेकर प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए आईटीआई कर्मचारियों व ठेकेदारों के 50 कर्मियों की व्यवस्था की गई है। पहले दिन करीब 40 गांवों में सप्लाई की समस्या सामने आई। इनमें से करीब 12 गांवों में बिजली सप्लाई शाम तक बहाल कर दी थी।

इन फीडरों पर ब्रेक डाउन

फीडर का नाम	किस स्टेशन से जुड़ा
किठाना	132 केवी राजौंद
सौंगरी गुलियाना	220 केवी बाता
जाखौली	132 केवी पाई
टीक	132 केवी पाई
सौंगल	132 केवी पाई
जाखौली	132 केवी पाई
बरसाना	132 केवी हाबड़ी
देवबन	220 केवी बाता
जटहेड़ी	132 केवी पूंडरी
कोटड़ा	132 केवी राजौंद
सेरधा	132 केवी राजौंद
पिलनी	132 केवी पाई

राजौंदः आपूर्ति प्रभावित

राजौंद। बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के चलते राजौंद खंड के कई गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार रात करीब 10 बजे से कई गांवों की बिजली बंद है, जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राजौंद शहर में गुरुवार शाम करीब 4:20 बजे तक बिजली आपूर्ति जारी रही।

गुहला-चीका में कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल प्रारंभ



गुहला-चीका। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के पहले दिन बिजली कर्मचारियों ने बिजली निगम कार्यालय गुहला के प्रांगण में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता एवीकेएस के मुख्य सलाहकार अभिषेक शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन एएचपीसीडब्ल्यूयू के यूनिट प्रधान संदीप सैनी ने किया। अभिषेक शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार नूंह और गुरुग्राम में समानांतर लाइसेंस देकर बिजली निगमों को निजी हाथों में सौंपना चाहती है। बिजली कर्मचारी सरकार की इस नीति को किसी भी सूरत में सहन नहीं करेंगे। इसी के विरोध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने 22, 23 और 24 अक्टूबर को तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि गुहला इकाई में हड़ताल के पहले दिन कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही और सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने हड़ताल में भाग लिया। प्रदर्शन में एवीकेएस के जिला मंत्री प्रवीण गुज्जर, राज्य सलाहकार सुनील राणा, एचएसईबीडब्ल्यूयू के यूनिट सचिव रणजीत सिंह, एवीकेएस की चीका उपइकाई के सचिव संदीप सीड़ा, गुहला उपइकाई से कश्मीर सिंह, एएचपीसीडब्ल्यूयू के लेखा परीक्षक सुखविंदर सिंह, एचएसईबी चीका उपइकाई के प्रधान हरजिंदर सिंह, हरदीप सिंह, एएचपीसीडब्ल्यूयू के उपइकाई सचिव अनुज पारस मौजूद रहे।

बिजली, पानी सब सून, ब्लैकआउट से आमजन बेहाल

जींद में एक ही दिन में 2600 से अधिक शिकायतें पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बिजली निगम कर्मियों की तीन दिवसीय हड़ताल का पहला ही दिन आमजन पर भारी रहा। बिजली सप्लाई बाधित किए जाने से शहर में ब्लैकआउट रहा और लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होकर रह गई। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही दिन में 2600 से अधिक शिकायतें निगम अधिकारियों तक पहुंची। घरों से लेकर दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक बिजली न मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति ठप होने से घरों में बिजली उपकरण बंद हो गए। जिन घरों में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग हैं, वहां परेशानी और बढ़ गई। बिजली न होने से मोबाइल फोन चार्ज करने, पानी की मोटर चलाने और घरेलू काम निपटाने में भी दिक्कत आई। बिजली पर निर्भर छोटे दुकानदारों और कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। कई जगह दुकानों में कामकाज ठप रहने से व्यापारियों को नुकसान की चिंता सताती रही। बिजली गुल होने के साथ ही पेयजल आपूर्ति बंद रही। जिससे लोग पानी के लिए तरसते रहे। हालात ऐसे रहे कि परेशानी झेल रहे लोगों को शिकायत के लिए दिए गए नंबरों पर भी संतोषजनक सहायता नहीं मिल सकी। जींद में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के पहले ही दिन जिला में हालात बिगड़ गए। बिजली कर्मियों ने बुधवार रात को ही बिजली गुल कर दी। हालांकि कहा यह गया था कि बिजली गुल नही रहेगी, अगर कहीं फाल्ट आता है तो उसे ठीक नही किया जाएगा। पर इसके विपरित ही बुधवार को ब्लैकआउट कर दिया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर संवेदनशील पॉवर हाउसों पर पुलिस तैनात कर दी थी लेकिन बिजली सप्लाई को बहाल नही करवा सके। जींद में 1200 से अधिक कर्मी व अधिकारी हडताल पर रहे हैं। सरकार ने कर्मचारी, अधिकारियों की हड़ताल के दौरान बिजली निगम में काम करने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों से काम करने का निर्णय लिया लेकिन वो कामयाब नही हो सका।



जींद। ब्लैक आउट रहने से त्योहारी सीजन में भी सुनसान बाजार। *फोटो :हरिभूमि*

मिड-डे मील बनाने में होगी परेशानी

बिजली निगम की कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शुक्रवार को राजकीय स्कूलों में परेशनी बढ़ेगी। वीरवार को तो इन्वर्टर से काम चलाया गया। अब शुक्रवार से पानी की समस्या भी रहेगी। वीरवार को तो मिड डे मील बन गया था लेकिन शुक्रवार को मिड डे मील नही बन पाएगा। टंकी में जो पानी था, उससे वीरवार को तो खाना बन गया था लेकिन शुक्रवार को दिक्कत होगी। अगर बाहर से पैसे लगा कर पानी मंगवाया जाए तो इसके लिए बजट नहीं मिलता है।

पॉवर ग्रिड पर पुलिस सुरक्षा

जींद, नरवाना और सफीदों तीन सर्कल व सात उपमंडल हैं। तीनों सर्कल में 1072 स्थायी कर्मचारी और 575 डीसी रेट के कर्मचारी हैं। लगभग 24 अधिकारी हैं। जिनमें से अधिकतर के हड़ताल में शामिल होने का दावा किया जा रहा है। बिजली निगम ने प्रशासन को हड़ताल के दौरान सभी बड़े विशेष कर शहरों से जुड़े पॉवर हाउस और खटकड़ पॉवर ग्रिड पर पुलिस सुरक्षा रखी।

पानी के लिए भटके लोग

हड़ताल को देखते प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए नंबर भी फेल होते नजर आए। कालोनियों में लोग पानी को तरसे और रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह से प्रभावित हो गई। लोगों ने शिकायत केंद्रों पर शिकायतें दर्ज करवाने का प्रयास किया लेकिन घंटियां घनघनाती रही और फोन उठाने वाला कोई नही था। जैसे-तैसे लोगों ने घरों में पानी को इधर-उधर से काम चलाया। पहला दिन तो जैसे-तैसे लोगों ने काट लिया। अगर हडताल दो दिन तक और रहती है तो आगामी दो दिनों में हडताल से जनता बुरी तरह बेहाल होगी। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान आमजन को राहत देने के लिए प्रभावी व्यवस्था नहीं होने से लोगों में रोष रहा। लोगों का कहना था कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा बाधित होने पर प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए थी। बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत नहीं मिलने से रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई। लोगों ने मांग की कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था मजबूत की जाए और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो।

अलेवा : प्रशासन अलर्ट, 11 बिजली घरों में बिछली गुल

अलेवा। हरियाणा में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगूरां सब डिविजन के 11 बिजली घरों में बुधवार रात 10 बजे के बाद बत्ती गुल है। हालांकि प्रशासन ने किसी अनहोनी से निपटने के लिए सभी बिजली घरों में पुलिस पहरा बैठा दिया है। नगूरां सब डिविजन के 11 बिजली घरों के सभी 67 फीडर पूर्ण से बंद है और शत-प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल पर है। स्कूलों, अस्पतालों और जल आपूर्ति जैसी जरूरी सेवाओं के लिए जिला प्रशासन ने जरनेटर अन्य विकल्पों पर विचार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल नगूरां सब डिविजन के 11 बिजली घरों पर ताला लगा होने के अलावा पुलिस पहरा लगा हुआ है। केंद्रीय कमेटी के उप मुख्य संगठन कर्ता राजा शामदों ने कहा कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की पेंशन या सुविधाओं की नहीं है बल्कि आम जनता और किसानों को मिलने वाली सस्ती बिजली को बचाने की लड़ाई है। बिजली विभाग का निजीकरण समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों पर सीधा डाका है। निजीकरण के विरोध में 22 से 24 अक्टूबर को प्रदेशभर में लगातार तीन दिनों की पूर्ण हड़ताल रहेगी।

तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव करोड़ा के पास 152डी हाईवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंचकूला के गांव जासपुर निवासी बिंटू राम (35) के रूप में हुई है। हादसे में उसके भाई परमजीत सिंह और कार चालक रणधीर सिंह को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने परमजीत की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में परमजीत सिंह ने बताया कि वह भाइयों के साथ सफीदों में गोरी धाम बाबा समल पर पूजा करने आया था। 21 अक्टूबर की रात वे कार में गांव लौट रहे थे। सुबह करीब 3:30 बजे उनकी कार 152डी हाईवे पर गांव करोड़ के नजदीक पहुंची तो आगे चल रही कार के चालक ने लापरवाही से चलाते उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी। इससे कार सड़क पर पलट गई। हादसे में बिंटू राम को गंभीर चोटें आईं, जबकि परमजीत सिंह और कार चालक रणधीर सिंह को मामूली चोटें लगीं। वे बिंटू राम को राहगीर की मदद से सरकारी अस्पताल कैथल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों नेचंडीगढ़ के हायर सेंटर रेफर कर दिया ।



नियमों की अवहेलना करने पर लगाया जुर्माना

जींद। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की टीम द्वारा वीरवार स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान एक स्कूल में छह बसों की जांच की गई। सीसी टीवी कैमरा, फस्ट एड बाक्स, फायर सिलेंडर के लिए नौ हजार रुपये का चलान किया गया। इसके अलावा एक गाड़ी बिना परमिट अवैध रूप से बच्चों को ले जाने के लिए लगा रखी थी, जिस पर 10 हजार रुपये का चालान किया गया। जबकि पिछले सप्ताह जींद क्षेत्र में छह स्कूलों में 25 बसों की जांच हुई थी। इस दौरान बस में सीसी टीवी कैमरा, फायर सिलेंडर व हेल्पलाइन नंबर नहीं मिलने पर चार हजार का जुर्माना लगाया था। सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। जिले में 350 से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों को स्कूल व घर पर ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था होती है।

पशुपालक गोली लगने से घायल

■ रंजिश के चलते दिया वारदात को अंजाम, पहले भी कर चुका हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सरढ़ा में वीरवार को रंजिश के चलते पशुबाड़े में काम कर रहे पशुपालक पर गांव के ही एक युवक ने फायर कर दिए। जिसमें हाथ पर गोली लगने से पशुपालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पशुपालक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल जींद में लाया गया है। जहां चिकित्सक उसके उपचार में जुटे हैं। घटना की सूचना मिलने पर जब तक पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक फायर करने वाला युवक मौके



से फरार हो चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सरढा निवासी रिंकू (40) वीरवार को अपने पशुबाड़े में काम कर रहा था। तभी गांव का ही अमन आया और रिंकू पर फायर कर दिए। जिसमें एक गोली रिंकू के हाथ पर जा लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायर करने के बाद अमन मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल रिंकू को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए। घटना की सूचना मिलने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पड़ोसियों के अनुसार अमन ने पहले भी रिंकू पर हमला कर चुका है। अमन पशुपालक रिंकू से रंजिश रखे हुए है और रिश्ते में चाचा का बेटा है। वीरवार को फिर से अमन ने रिंकू पर फायर किए हैं। फिलहाल रिंकू नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एडिशनल डिस्ट्रिक अटॉर्नी पद पर चयन से खुशी की लहर

गांव कोलेखां की बेटी ज्योति लोट ने बढ़ाया गांव का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव कोलेखां की बेटी ज्योति लोट ने एडिशनल डिस्ट्रिक अटॉर्नी (अतिरिक्त जिला न्यायवादी) पद पर चयनित होकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। एडवोकेट सत्यवीर सहारण ने ज्योति को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एडवोकेट सत्यवीर सहारण ने कहा कि ज्योति लोट की कड़ी मेहनत और लगन आखिरकार रंग लाई है। सफलता उनके निरंतर परिश्रम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ज्योति ने अपनी उपलब्धि से गांव कोलेखां का मान बढ़ाया है और क्षेत्र के युवाओं के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। बता दें कि ज्योति का जन्म गांव कौलेखां के सुभाष के यहां हुआ। ज्योति के पिता सुभाष प्राइवेट नौकरी करते हैं जबकि उनकी मां सीता देवी नगर परिषद की कर्मचारी हैं। उनकी पढ़ाई राजकीय स्कूल शेरगढ से हुई तथा उन्होंने वकालत की डिग्री कुरूक्षेत्र विश्विवद्यालय कुरूक्षेत्र से की। ज्योति ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास बेहद जरूरी हैं। ज्योति की सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से सफलता की मंजिल प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ज्योति अपने पद पर रहते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी तथा भविष्य में भी नई उपलब्धियां हासिल करेंगी।



कैथल। नवनियुक्त एडीए ज्योति लोट अपने परिजनों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

उज्ज्वल भविष्य की कामना की

ज्योति के एडिशनल जिला अटॉर्नी पद पर चयन की खबर से उनके परिवार, परिचितों और गांववासियों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने भी उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पार्टी कर रहे दोस्तों को घर जाने को बोला तो टांग तोड़ी

■ मारपीट करने के बाद 36 हजार रुपये की नकदी ले गए आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना में देर रात घर पर पार्टी कर रहे दोस्तों को जाने के लिए कहने पर उन्हीं दोस्तों ने हमला कर अपने दोस्त की टांग तोड़ डाली। आरोपित लगभग 36 हजार रुपये भी निकाल कर अपने साथ ले गए। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत 20 अक्टूबर को उसकी पत्नी बच्चों समेत मायके गई थी। शाम को उसके दोस्त राजगढ़ निवासी प्रदीप तथा प्रवीन उसके भाई के साथ घर आए थे। देर रात तक खाने पीने के दौर चलाता रहा। लेट होने पर उसने नवीन तथा प्रदीप को उनके घर जाने के लिए कहा। दोनों उनके घर जाने की बात कहना इतना नागवार लगा कि उस पर दोनों ने हमला कर दिया। जिसमें उसकी एक टांग टूट गई और सिर में चोटें आई। आरोपितों ने उसकी जेब से 35 हजार 700 रुपये निकाल लिए। बचाव में शोर मचाए जाने पर जब तक परिजन मौके पर पहुंचते तब तक आरोपित फरार हो चुके थे।

खबर संक्षेप

स्व. चौधरी ईश्वर नैन के निधन पर जताया शोक

नरवाना। कृषक समाज के प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी ईश्वर नैन के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा, विधायक गोकुल सेतिया और विधायक नरेश सेलवाल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान कांग्रेस नेता आदित्य सुरजेवाला और सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सभी ने स्व. ईश्वर नैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिजली बोर्ड की सभी यूनियनों ने की हड़ताल

जींद। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर वीरवार को जींद में बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों द्वारा अपनी लंबित मांगों के लिए हड़ताल करके प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सयुंक्त रूप से राकेश ईक्कस, राजेंद्र, हरिओम, नरेंद्र कलसन, विकास मलिक ने किया। जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं जिसमे राज्य उपप्रधान संजीव ने की। धर्मवीर बैरागी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में लिए जा रहे कर्मचारी एवं उपभोक्ता विरोधी निर्णयों, पावर लाइसेंस जारी करने व कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी के कारण कर्मचारियों में भारी रोष है।

रोडवेज कर्मी सांकेतिक हड़ताल करने को मजबूर

जींद। गत आठ सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ बैठक में बनी सहमति के बावजूद मांगें लागू नहीं होने से कर्मचारियों में रोष है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य जगदीप लाठर, संदीप रंगा, चमन लाल स्वामी, सुधीर अहलावत व कुलदीप ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है।

समाधान शिविर समस्याएं सुनने का सशक्त माध्यम

जींद। सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शिविर में वीरवार को लोगों द्वारा आठ समस्याएं समाधान के लिए रखी गई। जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है।

बिजली को निजी हाथों में सौंपने पर रोष जताया

जींद। सर्वजातीय कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, प्रवक्ता जगत सिंह रेढू और प्रधान महासचिव राजसिंह कंडेला ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली को निजी हाथों में सौंपने की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार बिजली को निजी हाथों में सौंप कर आम आदमी के हकों पर डाका डाल रही है और अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए खुली छूट दे रही है। हरियाणा सरकार द्वारा बनाई जा रही जन विरोधी नीतियों के कारण सभी वर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के सभी वर्गों के सम्मानित सज्जनों से भी अपील है कि बिजली कर्मचारियों की इस लड़ाई सभी को साथ देना चाहिए।

अलग-अलग स्थानों से बच्चे समेत दो महिलाएं लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से बच्चे समेत दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। अजमेर बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 अक्टूबर को उसकी 28 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव दबलैन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 को उसकी पत्नी पांच वर्षीय बेटे के साथ घर से गायब हो गई।

समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

शिकायतों का तय समय सीमा में समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने तथा उनका निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट की प्रति संबंधित शिकायतकर्ता को अवश्य उपलब्ध करवाई जाए ताकि उसे अपनी शिकायत पर हुई कार्रवाई एवं उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए अधिकारी प्रभावी कदम उठाएं। शिकायतों का निपटान पारदर्शिता, गंभीरता और नियमानुसार किया जाए तथा प्रत्येक मामले में की गई कार्रवाई का उचित रिकॉर्ड भी रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का अवसर उपलब्ध करवाना तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को चाहिए कि वे शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लेंए बल्कि प्रत्येक मामले में शिकायतकर्ता को राहत प्रदान करने के लिए गंभीरता से कार्य करें।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

शिविर में इन समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिक

समाधान शिविर में जींद के आदर्श नगर निवासी देवेंद्र ने म्यूटेशन रिकॉर्ड में नाम की त्रुटि ठीक करवाने की प्रार्थना की। गांव अलेवा निवासी सुनील ने आधार कार्ड से संबंधित समस्या रखी। जबकि गांव दबलैन निवासी किताब सिंह ने बीपीएल राशन कार्ड कटने से संबंधित शिकायत प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की। इसी प्रकार गांव पेंगा कलां निवासी निर्मल ने डीपो से मिलने वाले राशन में आ रही परेशानी के बारे में अवगत करवाया। गांव बड़ौदा निवासी बलजोर ने अपनी अविवाहित पेंशन बनवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान नियमानुसार और निर्धारित समय सीमा में किया जाए तथा शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाए।

मौके पर ही समस्या का समाधान होने पर जताया संतोष

समाधान शिविर में गांव ईंटल कलां निवासी रामनिवास की पीले राशन कार्ड से संबंधित समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। रामनिवास ने बताया कि उनके पुत्र राकेश का पीला राशन कार्ड किसी कारणवश कट गया था जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समाधान शिविर में उनकी समस्या पर कार्रवाई करते हुए उनका पीला राशन कार्ड दोबारा बनवाया गया। उन्होंने समस्या के समाधान पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर में की गई कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन का प्रयास है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरल, पारदर्शी और प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों की नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र शिकायतकर्ता को समय पर राहत मिले। इस दौरान सीटीएम मोनिका सहित सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहें।

एचपीएससी एडीए में नंबर वन स्थान हासिल करने पर संगीता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

एचपीएससी एडीए की परीक्षा में नंबर वन स्थान हासिल करने पर किसान नेता आजाद पालवां की बेटी संगीता श्योकंद को सर्वजातीय दाडऩ खाप चबूतरा पालवां की ओर से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर खाप के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। संगीता श्योकंद की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।



उचाना। संगीता श्योकंद को सम्मानित करते हुए दाडऩ खाप चबूतरा पालवां के पदाधिकारी।

संगीता की उपलब्धि युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर खाप के प्रधान रणधीर सिंह, पूर्व प्रधान दलबीर सिंह खेड़ी मसानियां, राजा डूमरखां कलां, रमेश नंबरदार, रामधन घसो, महेंद्र सिंह खरकभूरा, मास्टर दलीप सिंह, महेंद्र घसो और प्रदीप पालवां मौजूद रहे।

पिंडारा में युवक को डेंगू जिले का आंकड़ा 19 हुआ

जींद। जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को पिंडारा गांव के 30 वर्षीय युवक की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू मरीजों की संख्या 19 हो गई है। वहीं मलेरिया के भी अब तक सात मामले मिल चुके हैं और स्वाइन फ्लू के 13 मामले सामने आ चुके हैं। जबकि दो लोगों की स्वाइन फ्लू से मौत हो चुकी है। लगभग 1250 को लार्वा मिलने पर नोटिस थमाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर जिले में 200 से अधिक टीमें लोगों को बचाव के उपायों की जानकारी देने के फीवर मास सर्वे किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार लोगों को मौसमी बीमारी से बचाव के लिए जागरूक कर रही है। अब तक जिले में 19 केस डेंगू के हुए हैं। लोगों से अपील है कि वह अपने घरों और आसपास सफाई रखें।

महाराजा अग्रसेन स्कूल ने मेहंदी-ऑन द स्पॉट स्केचिंग में पाया अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाराजा अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद की छात्राओं ने बाल भवन में आयोजित मेहंदी में कुमारी अंशिका सुखबीर ने एवं ऑन द स्पॉट स्केचिंग प्रतियोगिता में सोनम पुत्री मोन्टी ने स्केचिंग ऑन द स्पॉट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने कलात्मक प्रतंभा, रचनात्मक सोच, कल्पनाशीलता एवं उत्कृष्ट कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मेहंदी कला में सुंदर डिजाइन और स्केचिंग में प्रभावशाली चित्र के माध्यम से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने विद्यालय की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने विजेता छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनकी छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी प्रकार निरंतर आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या रीटा अरोड़ा ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और मेहनत, लगन एवं कलात्मक प्रतिभा की सराहना की।सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के संगम से सफलता के नए शिखर प्राप्त किए जा सकते हैं।

वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर एडीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

जींद। वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सीएक्यूएम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और सीएक्यूएम के चेयरपर्सन राजेश वर्मा ने संयुक्त रुप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला के उपायुक्तो को अवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत एडीसी प्रदीप कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करें।



नरवाना। विधार्थी विशेष उनके कोच और प्राचार्या सिल्की चोपड़ा के साथ।

वेदा इंटरनेशनल स्कूल के विशेष का सीबीएसई गेम्स की नॉर्थ ज़ोन स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

नरवाना। वेदा इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया कि विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र विशेष ने सीबीएसई गेम्स की नॉर्थ ज़ोन स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया है। प्रबंध समिति ने विशेष के स्कैटिंग कोच राजेश शर्मा व उसके अभिभावकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वह नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। साथ ही, अन्य विद्यार्थियों को भी विशेष की उपलब्धि से प्रेरणा लेकर खेलों एवं अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रबंधक समिति ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

पंजाब-यूपी में भाजपा की सरकार बनना तय : कंडेला

पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी व जिला प्रशासन से पूरी तरह परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि आने वाले पंजाब व उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनना लगभग तय माना जा रहा है। कंडेला ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब में जाकर भिड़ जुटा रहे हैं हर रोज लोग भाजपा को ज्वाइन कर रहे हैं। कंडेला ने आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते कहा कि पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी व प्रशासन से पूरी तरह परेशान है और पंजाब में नशा बढ़ता जा रहा है। किसानों को फसलों पर किसी प्रकार की एमएसपी नहीं मिलती है कानून व्यवस्था बहुत ही खराब है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी कांग्रेस को लोग पहले ही नकार चुके हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था व विकास पर तेजी से काम कर रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश मे आम आदमी पूरी तरह से सुरक्षित है। भू माफिया पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जा चुका है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से उनके राज्य में गुंडागर्दी बहुत चरम सीमा पर थी और परिवारवाद का राज था, बड़े-बड़े पदों पर उन्हीं के परिवारों के लोग बैठे थे। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का कोई वजूद नहीं है, आने वाले समय में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ की सरकार बनेगी।



■ आज उत्तर प्रदेश मे आम आदमी पूरी तरह से सुरक्षित

आज देश पूरी तरह सुरक्षित

कंडेला ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के गृहमंत्री अमित शाह के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है, जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी व विपक्ष के लोग चुनाव आयोग पर झूठा आरोप लगाकर देश को गुमराह करना चाहते हैं, जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं। एसआइआर करने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। चुनाव आयोग ने सभी प्रकार की संख्याएं दूर कर दी हैं। राहुल गांधी देश में नेगेटिविटी फैलाने की कोशिश रहती है। अब देश के लोग समझ चुके हैं कि राहुल गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं।



जींद। कराटे के गुर सीखते हुए छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय कॉलेज में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय कराटे कला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मरक्षा केवल स्वयं को सुरक्षित रखने का कौशल नहींए बल्कि आत्मविश्वासए साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। कराटे का नियमित अभ्यास अनुशासनए एकाग्रता और विपरीत परिस्थितियों में उचित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन सिमरन ने छात्राओं को कराटे की मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का कुनबा दिनोंदिन हो रहा विशाल : डॉ. पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा की जिला महासचिव डा. पुष्पा तायल ने कहा कि हरियाणा में डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और पार्टी का कुनबा दिनोंदिन विशाल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि डा. अर्चना गुप्ता संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर नए प्रयास कर रही हैं, जिससे पार्टी को मजबूती मिल रही है। हाल ही में पंचकूला में सभी मोर्चों के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करवा कर संगठन को नई दिशा देने का प्रयास किया गया। इससे यह संदेश दिया गया कि संगठन में पद प्राप्त करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की मजबूती के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन कार्यकर्ताओं को आगे बढऩे के अवसर मिलते हैं, जो संगठन के लिए पूरी निष्ठा से काम करते हैं। डा. तायल ने हरियाणा भाजपा प्रभारी स्मृति ईरानी और डा. अर्चना गुप्ता की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और प्रयासों से पार्टी को मजबूती मिलेगी। डा. पुष्पा तायल ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है और इससे महिला कार्यकर्ताओं को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।





जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया

जींद। जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिलेभर के लगभग 114 स्कूलों के 985 छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन ढीया कैंडल डेकोरेशन, सुलेख, क्ले मॉडलिंग, सोलो क्लासिकल डांसए वन एक्ट प्ले थिएटर प्ले तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कालवा गुरुकुल में गोसम्मान आह्वान अभियान की बैठक, 17 दिसंबर को चंडीगढ़ चलो का आह्वान

गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मुहिम तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देशभर में गो संरक्षण, संवर्धन और भारतीय संस्कृति के मूल आधार गोवंश की रक्षा के संकल्प के साथ शुरू किए गए गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत कालवा गुरूकुल में बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारत में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाना, गोमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाना तथा वेदलक्षणा गोवंश को संवैधानिक संरक्षण व सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। बैठक में कालवा गुरुकुल (जहां स्वामी रामदेव ने बचपन में अध्ययन किया था) से जुड़े आचार्यों और संतों ने इस अभियान के प्रति गहरी श्रद्धा जताते हुए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया। वक्ताओं ने आह्वान किया कि हरियाणा और देश भर के आर्य समाज से जुड़े सभी लोग इस गो सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ें और गोमाता को राष्ट्रमाता बनाने की इस मुहिम में तन- मन और धन से सहयोग करें। मौके पर महंत विकास गिरी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि गोमाता कोई पशु नहीं बल्कि हमारी मां हैं और जो व्यक्ति इन्हें केवल पशु समझता हैए उसकी बुद्धि में गंदगी भरी हो सकती है। उन्होंने जोर दिया कि गोमाता हमारी सनातन संस्कृतिए कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक जीवनरेखा हैं। गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की पुरजोर मांग उठाई और सभी गौभक्तों से 17 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में चंडीगढ़ चलने की अपील की। इस मौके पर स्वामी रामतीर्था महाराज, आचार्य आजाद, गोविंद दास महाराज, सोमगिरि महाराज और बलवीर गिरी महाराज सहित आर्य समाज व विभिन्न गुरुकुलों से जुड़े प्रमुख संतों ने एक स्वर में अभियान का समर्थन किया। कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज ने हमेशा गौ आधारित कृषि और गौ संरक्षण के ऊपर बड़े स्पष्ट और दूरदर्शी विचार दिए हैं।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए गणमान्य लोग। *फोटो :हरिभूमि*

अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने यह दृढ़ संकल्प लिया कि वे प्रत्येक गांव से 50-50 व्यक्तियों को साथ लेकर चंडीगढ़ पहुंचेंगे और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेंगे। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि यदि गाय बचेगी तभी कृषि और देश की संस्कृति बचेगीद्ध क्योंकि स्वामी दयानंद महाराज ने हमेशा गौआधारित खेती को बढ़ावा देने की बात कही है। कार्यक्रम में आर्य समाज और विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के कई प्रमुख गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस अभियान को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

ऑनलाइन तबादला नीति वापस ले राज्य सरकार

जींद। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा द्वारा ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में आंदोलन को तेज करने की दिशा में सीएचसी कालवा के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों को आगामी आंदोलन की रणनीति से अवगत करवाते हुए प्रस्तावित मुख्यमंत्री आवास के घेराव की तैयारियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठक में एसोसिएशन के राज्य संयुक्त वित्त सचिव शक्ति सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि एमओटीपी के कारण स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष है। रेशनेलाइजेशन के नाम पर प्रदेश सरकार हजारों पदों को खत्म करते हुए महकमें को निजीकरण करते हुए बेरोजगार बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रही है। कर्मचारियों के हितों की रक्षा और जायज मांगों को मनवाने के लिए संगठन की एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

खबर संक्षेप

घर से युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

कैथल। शहर की एक कॉलोनी में घर से कोचिंग सेंटर गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने युवती की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी बेटी एक कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग लेती है। 21 अक्टूबर को सुबह करीब 9:30 बजे वह घर से कोचिंग के लिए निकली थी। दोपहर 3 बजे तक घर नहीं लौटी तो उन्होंने सेंटर और रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

मारपीट में एक घायल, 14 नामजद

कैथल। किराये पर दी गई स्कार्पियो नैनीताल के पास खाई में गिरने से हुए नुकसान के बाद विवाद हो गया। आरोप है कि इसी विवाद में अभिषेक अपने साथी मनप्रीत और 10-12 अन्य युवकों के साथ तीन गाड़ियों में सवार होकर कैथल के करनाल रोड स्थित कार्यालय पहुंचा। वहां युवक भूपेश के साथ मारपीट की और उसे जबरदस्ती गाड़ी में डालकर अगवा करने का प्रयास किया। पिता संदीप की शिकायत पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने अभिषेक, मनप्रीत और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर निवासी संदीप ने बताया कि उनका बेटा भूपेश अपने दोस्त संपन्न मेहरा के साथ गाड़ियां सेल्फ ड्राइव पर किराये पर देने का काम करता है। 2 अक्टूबर को उन्होंने अभिषेक को स्कार्पियो 5 दिन के लिए 3 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराये पर दी थी। शिकायत के अनुसार, 4 अक्टूबर की सुबह सूचना मिली कि गाड़ी नैनीताल के पास खाई में गिर गई है।

80% क्षेत्र की बिजली गुल, बुधवार रात 11 बजे से ठप है बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट गहराया

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से पूंडरी हलके में छाया अंधेरा

किसानों दुकानदारों और आम लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭| पूंडरी

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में प्रदेशभर में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल का असर पूंडरी हलके में भी दिखाई देने लगा है। बुधवार रात करीब 11 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पूंडरी हलके के लगभग 80% क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली गुल होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। घरों में पेयजल संकट गहराने के साथ दुकानदारों, मिस्त्रियों और किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पेयजल संकट गहराया रोजमर्रा के काम ठप

बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। घरों में पानी की मोटरें नहीं चलने के कारण लोगों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा है। दुकानदारों और मिस्त्रियों का काम भी प्रभावित हुआ है। बिजली पर निर्भर कारोबार ठप होने से कामकाज पर असर पड़ा है। किसानों को पशुओं के लिए चारा काटने में भी परेशानी आ रही है। बिजली के अभाव में खेती और पशुपालन से जुड़े रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पूंडरी शहर के हाबड़ी रोड़ , हुड्डा सेक्टर, इंदिरा नगर और मुख्य बाजार सहित कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



पूंडरी। पूंडरी में लाइट न होने से प्रभावित इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार।

प्रशासन निजी कर्मियों की मदद से बहाल करने में जुटा

बिजली संकट को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन निजी कर्मचारियों की सहायता से बिजली व्यवस्था को सुचारू करने में जुटा है। विभिन्न पावर हाउसों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने और बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में सहयोग मिल सके। हालांकि, बिजली लाइनों में फॉल्ट आने और उनका पता लगाने में कठिनाई होने के कारण बहाली का काम प्रभावित हो रहा है।

गुरुग्राम व नूंह में निजी कंपनी को लाइसेंस देने का विरोध

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का मुख्य कारण गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी को लाइसेंस देने का फैसला है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने 19 अक्टूबर 2026 को दिल्ली स्थित कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को गुरुग्राम और नूंह जिलों में 25 वर्ष के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने का आदेश जारी किया। इसके तहत निजी कंपनी को इन क्षेत्रों में बिजली वितरण का विकल्प उपलब्ध कराने की अनुमति मिली है। इससे पहले इन क्षेत्रों में सरकारी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की प्रमुख भूमिका थी। बिजली कर्मचारी और इंजीनियर इस फैसले को सरकारी बिजली व्यवस्था के निजीकरण की दिशा में उठाया गया कदम बता रहे हैं।

24 अक्टूबर तक हड़ताल, मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

बिजली कर्मचारियों ने 22 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस देने का फैसला वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन के अगले चरण की घोषणा की जाएगी।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर डीसी अपराजिता ने किया 33 केवी सब-स्टेशन का निरीक्षण



कैथल। बिजली कर्मचारियों की 22 से 24 अक्टूबर के मद्देनजर जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। इसी कड़ी में वीरवार को डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय के निकट सेक्टर-19 स्थित 33 केवी बिजली सब-स्टेशन का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह व प्रदीप श्योकंद भी मौजूद रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी तकनीकी खराबी या आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक माध्यमों से समस्या का समाधान करवाए। अधीक्षक अभियंता ने डीसी अपराजिता को सब-स्टेशन की कार्यप्रणाली, क्षमता, फीडर नियंत्रण और बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए किए गए वैकल्पिक प्रबंधों की जानकारी दी। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले के 132 केवी और 11 केवी सहित विभिन्न पावर स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, पावर स्टेशनों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है, ताकि बिजली से जुड़े बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

प्रभावित हो रहे दुकानदार

पूंडरी में इलेक्ट्रॉनिक समान की दुकान कर रहे आयुष गर्ग, नीटू, संतोष, साहिल, खराद मिस्त्री नफे सिंह, जिलेराम, रोशन व कपड़ा दुकानदार सतीश, विनोद, राजकुमार ने बताया कि बिजली न होने उनका दुकान का काम बिल्कुल ठप रहा। सेल बिल्कुल न के बराबर रही। मिस्त्रियों का कहना था कि वे सुबह जैसे घर से आए वैसे ही बैठे हुए हैं, लाइट बगैर कोई काम नहीं है।



बिजली कर्मियों की हड़ताल के दौरान आमजन को न हो कोई परेशानी

- डीसी अपराजिता ने ली अधिकारियों की बैठक, हर बिजली घर पर तैनात रहेंगे पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज कैथल

बिजली कर्मचारियों की 22 से 24 अक्तूबर की प्रस्तावित हड़ताल को लेकर डीसी अपराजिता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यस्तर पर हड़ताल के दौरान लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने कहा कि तीन दिन की हड़ताल के दौरान आवश्यक सेवाओं में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात सहित अन्य आवश्यक सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़ी सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समय रहते स्टाफ की ड्यूटी लगाएं। जिले में आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति को लेकर धारा 163 लागू की गई है। आमजन को यदि इन तीन दिनों में हड़ताल के दौरान कोई परेशानी आती है तो वे टोल फ्री नंबर 1950 व डायल 112 पर फोन कर सूचना दे सकते हैं। डीसी अपराजिता ने कहा कि हड़ताल के दौरान सभी बिजली घरों पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। साथ ही बिजली निगम के अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई असामाजिक तत्व बिजली आपूर्ति बाधित न करें। अधिकारी कर्मचारियों से बातचीत करते हुए उन्हें समझाने का प्रयास करें। उन्हें बताएं कि सरकार उनके साथ है। इसीलिए त्यौहारी सीजन को देखते हुए अपनी ड्यूटी करें। प्रयास किया जाए कि तकनीकी दक्षता वाले उपलब्ध कर्मचारियों की पहले से सूची बनाकर रखें। ताकि जरूरत अनुसार वे काम कर सकें। डीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते किसी तरह की परेशानी आती है तो डायल 112 व 1950 टोल फ्री नंबर पर फोन करके सूचना दें।

आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति के लिए धारा 163 लागू

तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के मद्देनजर बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट अपराजिता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए है। यह आदेश 24 अक्टूबर 2026 की रात 11:59 बजे तक प्रभावी रहेंगे। इस दौरान बिजली सब-स्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन, टावर, ट्रांसफॉर्मर और कंट्रोल रूम सहित बिजली से जुड़े महत्वपूर्ण ढांचे को नुकसान पहुंचाने अथवा बिजली आपूर्ति बाधित नहीं कर सकते। अस्पतालों, जल आपूर्ति केंद्रों, परिवहन व्यवस्था और सरकारी भवनों जैसे आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थानों की बिजली आपूर्ति में बाधा डालने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत बिजली ढांचे की देखरेख, मरम्मत और बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को डराने-धमकाने, उनके कार्य में बाधा डालने या उनके साथ बल प्रयोग करने पर पाबंदी रहेगी। इसके अतिरिक्त, बिना वैध अनुमति के बिजली सब-स्टेशनों और अन्य सुरक्षित बिजली परिसरों में प्रवेश करना भी प्रतिबंधित रहेगा।

न्यूज डायरी

साइबर ठगी से बचाव के प्रति किया जागरूक



कैथल। थाना साइबर क्राइम कैथल प्रभारी इंस्पेक्टर साहिल की अगुवाई में एचसी कृष्ण कुमार की टीम द्वारा बस स्टैंड कैथल पर आमजन व यात्रियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम ने लोगों को बताया कि साइबर ठग अब ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ठग कभी बैंक अधिकारी, कभी सरकारी कर्मचारी तो कभी किसी परिचित के नाम पर फोन या मैसेज करके लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा फर्जी लिंक, नकली वेबसाइट, केवाईसी अपडेट, इनाम जीतने, नौकरी दिलाने और ऑनलाइन भुगतान के नाम पर भी लोगों के साथ धोखाधड़ी की जाती है।

ताइक्वांडो में राधा कृष्ण स्कूल की छात्राओं ने जीते पदक



कैथल। राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जींद रोड, कैथल की छात्राओं ने ताइक्वांडो प्रमोशन कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर 2026 को बापू गांधी मिडिल स्कूल, कैथल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं मन्नत, मनप्रीत, स्नेहा, हरसीरत, पेरिस और हनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, विधि ने रजत पदक हासिल किया तथा यश ने कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धि दर्ज की। इस शानदार सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रधानाचार्या, विद्यालय प्रबंधक एवं शिक्षकों ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महिलाओं को सशक्त बनाने पर की संगोष्ठी

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल में महिला प्रकोष्ठ ने 'आत्मनिर्भर हरियाणा, आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत' के अभियान के तहत "महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमशीलता के अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाना" के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संतोष मीणा मुख्य प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कैथल, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बैंक के अन्य टीम सदस्य भी शामिल हुए। प्रधान प्रबंधक समिति अश्विनी शोरेवाले ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के अभियान के तहत महिला प्रकोष्ठ की पहल का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को जागरूक, आत्मविश्वासी एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति के लिए वित्तीय शिक्षा के महत्व पर भी बल दिया। संतोष मीणा ने वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय नियोजन तथा महिलाओं के लिए उपलब्ध उद्यमशीलता के अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कैथल में महिलाओं ने खेलों में दिखाया दम



कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि वीरवार को महाराजा सूरजमल खेल स्टेडियम कैथल में विभाग द्वारा महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी सपना द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कैथल शहर की सभी कॉलोनियों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि विभिन्न आयु वर्गों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 30 साल से ऊपर की महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो, और 100 मीटर रन, 30 साल से कम उम्र की महिलाओं के लिए 300 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, और 5 किलोमीटर साइकिल रेस आयोजित की गई।

राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में लगाया शिविर

गुहला-चीका। राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सेवा भाव जगाना और आगामी खेलकूद गतिविधियों के लिए महाविद्यालय परिसर को तैयार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र मोर के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि /"स्वयंसेवक बनना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। देश की सेवा वही छात्र कर सकता है जिसके भीतर बिना किसी संकोच के काम करने की भावना हो।/" उन्होंने छात्राओं को समाज सेवा और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बाल प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा निखारने का मंच

- विजेता प्रतिभागियों को मिलेगा जोनल स्तर पर भाग लेने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि बाल प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करती हैं। इनसे न केवल बच्चों की रचनात्मक क्षमता और कलात्मक कौशल निखरता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नई चीजें सीखने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। डीसी अपराजिता वीरवार को जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताओं का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रही थीं।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते विद्यार्थी।

23 अक्टूबर को होंगी एकल नृत्य और एकांकी नाटक प्रतियोगिताएं

जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि बाल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के तहत 23 अक्टूबर को एकल नृत्य प्रतियोगिता प्रथम एवं द्वितीय समूह में तथा वन एक्ट प्ले (एकांकी नाटक) प्रतियोगिता चतुर्थ समूह में आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी अभिनय, नृत्य और रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

व्यक्तित्व विकास अवसर विषय पर सेमिनार

कैथल। राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास एवं करियर के अवसर विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. रेखा गुप्ता रहीं।कार्यक्रम में रीतू देवी ने मुख्य वक्ता डॉ. रेखा गुप्ता का परिचय करवाया तथा उनके शैक्षणिक अनुभव और उपलब्धियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ज्ञान के साथ-साथ प्रभावशाली व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, अपनी बात को सही ढंग से प्रस्तुत करने का तरीका तथा व्यावहारिक कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए विषय का ज्ञान, प्रभावी संचार कौशल, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, टीमवर्क, समय प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को समझाया कि टीम में मिलकर कार्य करना, दूसरों के विचारों का सम्मान करना, अपनी बात स्पष्ट रूप से रखना और नई चीजें सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक गुण हैं।



एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. रेखा गुप्ता छात्राओं को संबोधित करते हुए।

सीबीएसई स्कूल नेशनल बॉक्सिंग में प्रिया ने जीता स्वर्ण पदक

राजौंद। बाबा बिशनपुरी बॉक्सिंग अकादमी की होनहार खिलाड़ी प्रिया ने सीबीएसई स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 आयु वर्ग के 69 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रिया ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा है। उसकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।प्रिया को बॉक्सिंग का अभ्यास करते हुए अभी तीन वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उसने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रिया गांव माना से प्रतिदिन सुबह-शाम गांव पाई में कोच देवेंद्र दुल के पास बॉक्सिंग का अभ्यास करने जाती है। वह सीमित साधनों के बावजूद लगातार मेहनत कर अपने खेल को निखार रही है। प्रिया इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। पिछले महीने आयोजित एचबीएससी टूर्नामेंट में उसने रजत पदक हासिल किया था।



राजौंद। सीबीएसई स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली बॉक्सर प्रिया।

हुडा मार्केट में खोखे-रेहड़ी हटाने पहुंची टीम का विरोध

- भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के कार्यक्रम के बीच कार्रवाई करने पर लोगों ने जताई नाराजगी
- विरोध के बाद वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी के हाबड़ी चौक के नजदीक स्थित एचएसवीपी मार्केट में गुरुवार को सड़क किनारे रखे खोखे और रेहड़ियां हटाने पहुंची हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। जेसीबी की मदद से कार्रवाई शुरू होते ही खोखा-रेहड़ी संचालक एकत्रित हो गए और विरोध जताने लगे। उन्होंने अधिकारियों पर बिना पूर्व सूचना दिए कार्रवाई करने का आरोप लगाया। विरोध के बीच टीम को कार्रवाई रोकर वापस लौटना पड़ा। गुरुवार सुबह एचएसवीपी के अधिकारी वरुण पुलिस टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नगर पालिका सचिव मोहनलाल के नेतृत्व में जेसीबी लेकर हुड्डा मार्केट पहुंचे थे। टीम मार्केट के सामने सड़क किनारे रखे खोखे और रेहड़ियों को हटाने के लिए पहुंची थी। जैसे ही अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की, वहां मौजूद खोखा-रेहड़ी संचालकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। खोखा-रेहड़ी संचालकों का कहना था कि उन्हें पहले नोटिस या सूचना दी जानी चाहिए थी। अचानक कार्रवाई होने से उनका सामान हटाना मुश्किल है।



पूंडरी। विरोध करते हुए खोखा धारक।

पहले ही दे चुके थे नोटिस

एचएसवीपी के अधिकारी वरुण ने कहा कि खोखे और रेहड़ियां हटाने के लिए पहले ही नोटिस और सूचना दी जा चुकी थी। उन्होंने बताया कि यह विभाग की नियमित कार्रवाई है, क्योंकि मार्केट के सामने सड़क किनारे अवैध रूप से खोखे और रेहड़ियां लगाई गई हैं। इन्हें हटाना विभागीय कार्रवाई का हिस्सा है।

परेशानी लंबी रजाई तान कर सोए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी

दूषित पेयजल और लचर सीवरेज प्रणाली के कारण कलायत हो रहा बदहाली का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में दूषित पेयजल व लचर सीवरेज प्रणाली के कारण लोग निरंतर समस्याओं से जूझ रहे हैं। समस्या निवारण के नाम पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ठोस कार्ययोजना धरातल पर नजर नहीं आ रही। हालात इस कदर खराब हैं कि शहर में वैध इलाके भी पेयजल व सीवरेज लाइन से महरूम हैं। जबकि जिन स्थानों पर सीवरेज बिछी है उसकी लचर व्यवस्था से लोग बेहाल हैं। बार-बार शिकायत के भी आम नागरिक तो दूर की बात सरकारी विभागों की सुनवाई भी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे। वार्डों में सीवरेज के मुद्दे को लेकर बड़ी समस्या खड़ी है। इसको लेकर नगर पालिका द्वारा भी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन समस्या का हल नहीं हो रहा। इसी तरह गांव शिमला में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से जलघर के भंडारण टैंकों की सफाई किए बिना ही उनमें नहरी पानी डाला जा रहा है।





कलायत। कलायत वार्ड 6 में बदहाल सीवर प्रणाली व कलायत के गांव शिमला के पेयजल टैंकों की बदहाल स्थिति। फोटो: हरिभूमि

दूर करेंगे हर समस्या

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ नरेश जागलान ने कहा कि कलायत शहर के साथ-साथ गांवों में हर समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस कड़ी में कलायत व शिमला में पेयजल समस्या का मामला उनके संज्ञान में आया है। शिमला गांव में टैंकों की सफाई और पेयजल आपूर्ति को लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

टैंकों में जमा कूड़ा-कर्कट

ग्रामीणों ने चेताया कि यदि समय रहते सफाई और स्वच्छ जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई तो दूषित पानी से जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। गांव में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को पानी की जरूरत पूरी करने के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। माखड़ा नहर का पानी उपलब्ध होने के बावजूद जलघर की व्यवस्था सुचारू नहीं है। लोगों के अनुसार बार-बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचे। उन्होंने जनस्वास्थ्य मंत्री और विभाग के उच्च अधिकारियों से जलघर के टैंकों की तत्काल सफाई करवाने, नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल करने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नंबर 1650 अर्बन स्टेट जींद जिसका क्षेत्रफल 250 वर्ग गज है जो जींद में है और श्री कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरूप के नाम पर पंजीकृत है उक्त प्रॉपर्टी से संबंधित कुछ दस्तावेज 20.5.2019 को श्री कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरूप से जींद में गुम हो गए थे जिसकी रिपोर्ट थाना जींद सिटी में की हुई है अब सूचित किया जा रहा है

दस्तावेजों के खोये जाने की सूचना का वर्णनः-

1 अलॉटमेंट लेटर नंबर 2630 दिनांक 30/11/1979
2 फर्स्ट ट्रांसफर लेटर नंबर 2265 दिनांक 10/5/1985
3 कन्वेंस डिड संख्या 1156 दिनांक 23/6/1987

आवेदन क्रमांक DDR No-132300111901327 दिनांक 20/5/2019 व DDR No- 132300112601849 दिनांक 1/10/2026 के तहत सिटी थाना जींद में उपरोक्त दस्तावेजों के खोये जाने की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। अब मैं श्री कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरूप मकान नंबर 1650 अर्बन इस्टेट जींद की संपत्ति का मालिक हूं उक्त दस्तावेज किसी को मिलते हैं तो वापस लौटाने का कष्ट करें और मैं सूचना का किसी भी प्रकार का गलत इस्तेमाल नहीं करूंगा ।

हस्ता/- कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरूप
मकान नंबर 1650 अर्बन इस्टेट जींद
Mob. 94169-34290

खबर संक्षेप

अंग-भंग पर किसानों को दी 3 लाख की मदद

उचाना। मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा के तहत मार्केट कमेटी कार्यालय में 3 लाख रुपये के चेक अंग-भंग होने पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने बांटे। बड़ौदा के सुभाष, सुशील छात्तर को 37500-37500, बलवान खटकड़ को 1 लाख 25 हजार रुपये का चेक दिया गया। चेयरमैन ने कहा कि सरकार अंग-भंग होने पर अलग-अलग राशि के हिसाब से चेक देती है। किसान, मजदूर की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की राशि का चेक सहायता के रूप में दिया जाता है।

तारागढ़ में दो भाइयों पर लाठी-गंडासी से हमला

राजौंद। गांव तारागढ़ में आपसी रंजिश के चलते एक व्यक्ति और उसके भाई पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि परिवार के चार लोगों ने दोनों भाइयों को लाठी, डंडों और गंडासी से मारा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में एक भाई के सिर और हाथ पर चोटें आईं, जबकि दूसरे को भी चोटें लगीं। घायल अशोक कुमार को इलाज के लिए सिविल अस्पताल कैथल में भर्ती करवाया गया। राजौंद थाना पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

भाई और भतीजे ने हमला कर किया घायल

कैथल। गांव गुहणा में पैसों के लेनदेन को लेकर चल रही पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति पर उसके भाई और भतीजे ने हमला कर दिया। आरोप है कि भाई ने गंडासी से सिर पर वार किया, जबकि भतीजे ने लाठी से कंधे और छाती पर चोट मारी। हमले में घायल महाबीर सिंह को नागरिक अस्पताल कैथल में भर्ती करवाया गया। केथल सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुहणा निवासी महाबीर सिंह ने बताया कि उसके और बड़े भाई कृष्ण के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर रंजिश है।

बाजरे की फसल नहीं हो रही वेरिफाई

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव में किसानों की बाजरे की फसल का सत्यापन नहीं होने से किसान परेशान हैं। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बाजरे की जगह धान की फसल दर्ज दिखाई देने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही किसान भावांतर भरपाई योजना के लाभ से भी वंचित हैं। समस्या के समाधान के लिए किसान संबंधित कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं लेकिन समाधान नहीं हो पाया है।

साइबर ठगी से रहें सतर्कः मनप्रीत सिंह

कैथल। साइबर ठगों ने अब सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सहारा लेकर लोगों से धोखाधड़ी करना शुरू कर दिया है। एसपी मनप्रीत सिंह सुदन ने आमजन को सचेत करते हुए बताया कि साइबर ठग प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना, गैस सब्सिडी, महिला सशक्तिकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई सरकारी स्कीमों के नाम पर नागरिकों को भ्रमित कर रहे हैं।

विद्यार्थियों को सर्वेक्षण एवं भौतिक रासायनिक विश्लेषण कार्य परीक्षण के प्रमाणपत्र दिए

नरवाना। वीरवार को राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विज्ञान संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र के 52 विद्यार्थियों को कृषि भूमि एवं भूजल नमूना सर्वेक्षण एवं भौतिक रासायनिक विश्लेषण कार्य परीक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। कृषि भूमि एवं किसान कल्याण विभाग जींद एवं नरवाना के निर्देशन में कार्यक्रम किया गया। जयपाल सिंह आर्य ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की भूमि एवं जल प्रयोगशाला में जून से अगस्त 2026 तक सिंचाई एवं पीने के भूजल के 55 तथा कृषि भूमि के मिट्टी के 345 नमूनों की भौतिक-रासायनिक जांच का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर योजनाकार ने की बड़ी कार्रवाई

गुलमोहर सिटी की दीवार हटाई, दो अवैध कॉलोनियों में चला प्रशासन का पंजा

- गादड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में 10 डीपीसी बाउंड्री वॉल व सीवरेज स्ट्रक्चर की अप्रोच रोड को ढहाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल अर्बन ऐरिया के अन्तर्गत पड़ने वाली राजस्व सम्पदा पट्टी गादड़ में विकसित हो रही 2 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से अर्बन एरिया कैथल के अन्तर्गत पड़ने वाली राजस्व सम्पदा पट्टी गादड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत क्रियान्वित की। विभाग द्वारा लगभग 6 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनी में 10 डीपीसी बाउंड्री वॉल व सीवरेज स्ट्रक्चर की अप्रोच रोड को शुरुआती चरण में ही पीले पंजे की मदद से तोड़ दिया गया । इस कार्रवाई के दौरान आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए दोपहर 1 बजे घटनास्थल पर 2 जेसीबी मशीन के साथ पहुंचा और कॉलोनी में बनी सभी अवैध सड़कों को हटाने का कार्य



कैथल। कैथल में अवैध कॉलोनी में निर्माण को हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

अवैध कॉलोनी विकसित करने पर पुलिस को दी शिकायत

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में लगभग 6 एकड़ भूमि पर भू-मालिकों द्वारा बिना विभागीय अनुमति के सड़के बना कर अवैध कॉलोनी विकसित करने का मामला आया था जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कॉलोनी को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कॉलोनी के निर्माण को रोका गया और ना ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। कार्यालय द्वारा इस अवैध कॉलोनी को तोड़ने संबंधित कार्यक्रम का अनुमोदन जिला उपायुक्त महोदया कैथल से प्राप्त कर लिया गया था। कार्यालय द्वारा बिना विभागीय अनुमति के यह कॉलोनी विकसित करने के आरोपी भू-मालिकों / डीलरों के विरुद्ध पुलिस विभाग कैथल को मुकदमा दर्ज करने हेतू शिकायत भेज दी गई है। पुलिस स्टेशन कैथल द्वारा मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

गुलमोहर सिटी में नहीं रुकी कार्रवाई

जिला प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार को की गई कार्रवाई के दौरान गुलमोहर सिटी की बाहरी दीवार भी गिरवा दी गई। हालांकि मौके पर गुलमोहर सिटी के कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई रोकने की गुजारिश की लेकिन डीटीपी ने अपनी कार्रवाई जारी रखी। बताया गया है कि गुलमोहर सिटी के अधिकारियों को दीवार पीछे करने को लेकर नोटिस जारी किए गए थे लेकिन संबंधित द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।



पूंडरी पावर हाउस में बिजली सप्लाई बहाल करवाते हुए विधायक सतपाल जांबा।

बिजली सप्लाई बहाल करवाने पावर हाउस पहुंचे विधायक

- बोले- कर्मचारियों को हड़ताल का अधिकार, लेकिन बिजली व्यवस्था बाधित करना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बुधवार रात 11 बजे से ठप हुई बिजली सप्लाई को बहाल करवाने के लिए विधायक सतपाल जांबा ने खुद मोर्चा संभाला। विधायक अपनी टीम के साथ पूंडरी स्थित 132 केवी पावर हाउस पहुंचे और बिजली सप्लाई शुरू करवाने के प्रयास किए। इसके साथ ही उन्होंने आसपास के गांवों में स्थित पावर हाउस की स्थिति का भी जायजा लिया, ताकि बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारू किया जा सके। विधायक ने पूंडरी थाना प्रभारी निर्मल सिंह को भी निर्देश दिए कि जहां कहीं बिजली व्यवस्था में फॉल्ट है, वहां निजी कर्मचारियों की मदद से उसे ठीक करवाने के प्रयास किए जाएं, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। बिजली आपूर्ति बहाल करवाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

बिजली न होने से आम आदमी परेशान

जांबा ने कहा कि प्रजातंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का पूरा अधिकार है। बिजली कर्मचारियों को भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने का अधिकार है, लेकिन हड़ताल के दौरान जिस प्रकार क्षेत्र में कई बिजली लाइनों को बाधित करने और पावर हाउस से कुछ उपकरण निकालने की बातें सामने आई हैं, वह गलत है। इस प्रकार की कार्रवाई से आम जनता को परेशानी होती है और इसे किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। कर्मचारियों को अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना चाहिए, लेकिन बिजली व्यवस्था को बाधित करने के बजाय इसे सुचारू बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। बिजली आम जनजीवन की बुनियादी जरूरत है। इसकी आपूर्ति बाधित होने से घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापार और अन्य जरूरी गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र में बिजली से संबंधित समस्याओं को दूर करवाने और सप्लाई बहाल कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।

1965 और 1971 की लड़ाई के योद्धा हवलदार जिले सिंह पंचतत्व में हुए विलीन

कैथल। भारत पाक 1965 एवं 1971 युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हवलदार जिले सिंह 1/4 गोरखा रेजीमेंट के वीर योद्धा ने 81 वर्ष की आयु में बालाजी कॉलोनी कैथल में आखरी सांस ली। इसके बारे में जैसे ही पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को पता चला तो एसोसिएशन के साथी उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उनके पार्थिव शरीर पर एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी,कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, सूबेदार बलबीर माजरा, हवलदार मदन सिंह चहल, विशालदार कर्मवीर भाल,रिशालदार बलदेव सैनी ,हवलदार मांगेराम शर्मा ने तिरंगा ओढ़या और उनकी शव यात्रा में शामिल हुए। श्मशान घाट में पहुंचने पर प्रधान जगजीत फौजी समेत सभी ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्र कुलदीप सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर कैप्टन बसंत राम, एच एफ ओ भीम सिंह गिल, कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, सूबेदार रणवीर सिंह प्रधान, सूबेदार मेजर रामफल चहल, हवलदार मदन सिंह चहल, दफेदार बलदेव सिंह, विशाल दार कर्मवीर सिंह , पीओ सत्यनारायण, पीओ रामफल, सूबेदार प्रेम सिंह, हवलदार जीत सिंह, हवलदार बलदीश टाया, हवलदार करमजीत, हवलदार अमरनाथ, रिसालदार बलदेव सैनी आदि ने श्रद्धांजलि दी।



कैथल। हवलदार जिले सिंह के परिजनों को तिरंगा भेंट करते पूर्व सैनिक।

स्कॉलरशिप के तहत डाटा 30 नवंबर तक करना होगा अपलोड

जींद। सरकारी स्कूलों में पढने वाले छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को राजीव गांधी स्कालरशिप योजना का लाभ दिलाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों का डाटा 30 नवंबर तक वन स्कूल एप पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इस संबंध में निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीन आने वाले स्कूलों में पात्र विद्यार्थियों का डाटा समय रहते पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करेंए ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ मिल सके।

जुलाना में दुकानदारों ने जल निकासी व्यवस्था को लेकर किया प्रदर्शन

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सीसीटीवी कैमरे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में निकासी व्यवस्था की समस्या से परेशान दुकानदारों ने दुकानें बंद कर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। दुकानदार पुराने बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। दुकानदारों ने कहा कि निकासी व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण दुकानों के सामने गंदा पानी जमा हो जाता है और कई बार पानी दुकानों के अंदर तक घुस जाता है। इससे उनकी दुकानदारी प्रभावित हो रही है और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक गंदे पानी से होकर दुकानों तक पहुंचने से कतराते हैं, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ता है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की कि बाजार में पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था की जाए ताकि दुकानों के सामने जलभराव की स्थिति पैदा न हो। दुकानदारों ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग भी उठाई।



जुलाना। एसडीएम होशियार सिंह को ज्ञापन सौंपते दुकानदार।

वोट नहीं देने की रंजिश में युवक पर नुकीले हथियार से हमला

कैथल। कलायत में नगर निकाय चुनाव में वोट नहीं देने की रंजिश में दो भाइयों पर एक युवक और उसके पड़ोसी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। आरोप है कि दोनों भाइयों ने युवक का रास्ता रोककर उसके चेहरे पर नुकीले हथियार से हमला किया और लात-घूंसों से पीटा। बीच-बचाव करने आए पड़ोसी को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा।

दोनों घायलों को कलायत के सरकारी अस्पताल से कैथल रेफर किया गया। कलायत पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-5 निवासी अमित ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह दुकान से घर का जरूरी सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान गली में अपने मकान के सामने खड़े प्रभात और मोनू ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने कहा कि उसने नगर निकाय चुनाव में उन्हें वोट नहीं दिया था, इसलिए वे उसे सबक सिखाएंगे।

इसके बाद मोनू ने उसे पकड़ लिया और प्रभात ने नुकीले हथियार से सिर पर वार करने का प्रयास किया। बचाव करने के दौरान हथियार उसके चेहरे के बाईं तरफ लगा, जिससे चोट आई। इसके बाद दोनों भाइयों ने उसे लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर पड़ोसी भीमेश उसे छुड़ाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।

सांसद खेल महोत्सव में भागीदारी के लिए स्कूलों में जाकर दिया निमंत्रण

- युवाओं ने सांसद नवीन जिंदल की पहल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव में गुहला विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सांसद कार्यालय की टीम की ओर से स्कूलों में निमंत्रण दिया गया। सांसद कार्यालय की ओर से गुहला हलका प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया और शैलेन्द्र ने बताया कि खेल महोत्सव का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरु नानक ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगथली के प्रिंसिपल जसवंत सिंह और डीपी सुखदर्शन सिंह कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव उनकी इसी सोच का उदाहरण है, जिसके माध्यम से शिक्षा क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं।



गुहला चीका। विद्यार्थियों को आमंत्रित करते सांसद कार्यालय की टीम के सदस्य।

गुरु तेग बहादुर खालसा पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव शुरू



कैथल। गुरु तेग बहादुर खालसा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगदीश सिंह झींडा, प्रधान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा किया गया। इस खेल उत्सव में संस्था के सभी स्कूलों व कॉलेज ने भाग लिया जोकि अंबाला, करनाल,सिरसा, यमुनानगर एवं कैथल जिले से संबंधित हैं। अलग-अलग खेलों में जैसे कबड्डी, खो-खो,वॉलीबॉल, शॉट पुट आदि में बच्चों ने बहुत अच्छी प्रतिस्पर्धा दिखाई। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्जवल जीवन व खेल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समूह संस्था के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं समूह स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

सुविधा डीआरपी स्टूडेंट डॉ. दीपेश संभाल रहे स्किन ओपीडी

पिछले काफी समय से कर रहे थे स्किन चिकित्सक का इंतजार रोज 100 मरीज आ रहे

नागरिक अस्पताल को मिला स्किन एलर्जी का विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में त्वचा संबंधी बीमारियों से परेशान मरीजों के लिए राहत की खबर है। अस्पताल में लंबे समय से त्वचा रोग विशेषज्ञ की कमी महसूस की जा रही थी। अब डीआरपी स्टूडेंट डॉ. दीपेश ने स्किन ओपीडी संभाली है। उनके पास प्रतिदिन करीब 100 मरीज त्वचा संबंधी समस्याओं का उपचार करवाने पहुंच रहे हैं। अस्पताल में त्वचा रोगों की जांच और परामर्श की सुविधा मिलने से मरीजों को राहत मिली है। उन्हें अब छोटी-बड़ी त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



जींद। पुरानी बिल्डिंग में स्किन ओपीडी करते हुए डॉ. दीपेश।

पुरानी बिल्डिंग में दिया गया कमरा

स्किन ओपीडी के लिए नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में पीएमओ कार्यालय के सामने कमरा निर्धारित किया गया है। यहीं पर मरीजों की जांच की जा रही है। पिछले काफी समय से अस्पताल में नियमित रूप से त्वचा रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी वर्ष कुछ दिनों के लिए महिला त्वचा रोग चिकित्सक भी अस्पताल में आई थी लेकिन इसके बाद मरीजों को दोबारा विशेषज्ञ की सुविधा का इंतजार करना पड़ रहा था। अब स्किन ओपीडी शुरू होने से त्वचा संबंधी बीमारियों से परेशान लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। त्वचा संबंधी समस्याएं मौसम, पसीने, धूल व मिट्टी, संक्रमण और कुछ पदार्थों से एलर्जी के कारण हो सकती हैं। खुजली, दाद, चकत्ते, मुंहासे, त्वचा पर लालिमा और बालों से जुड़ी समस्याएं आम हैं। कई बार हेयर कलर, साबुन, क्रीम या अन्य कॉस्मेटिक उत्पादों के इस्तेमाल से भी एलर्जी हो सकती है। ऐसे में बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयां या स्टेरॉयड युक्त क्रीम लगाने से समस्या बढ़ सकती है।

बिजली संकट से हाल बेहाल : गोयल

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच जींद में बिजली आपूर्ति ठप होने से आमजन की परेशानियां बढ़ गई हैं। एक दिन से अधिक समय तक बिजली गुल रहने के कारण पेयजल संकट गहराने लगा है। घरों में पानी की किल्लत है और रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। बिजली संकट के चलते जनरेटर की मांग बढ़ गई है लेकिन लोगों को किराए पर जनरेटर भी आसानी से नहीं मिल रहे। गोयल ने आरोप लगाया कि अधिकारी और कर्मचारी सचिवालय के एसी कमरों में बैठे रहे जबकि उन्हें शहर के वार्डों और गांवों में जा जाकर लोगों की समस्याओं की सुध लेनी चाहिए थी।